हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 25 नवंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि संसद के शीतकालीन सत्र में संसद और मतदाताओं की ओर से यह संदेश जाना चाहिए कि वे लोकतंत्र और संविधान के प्रति वचनबद्ध हैं और संसदीय प्रक्रियाओं में उनका विश्वास सार्थक है।

सत्र शुरू होने से पहले उन्होंने संविधान दिवस को लेकर कहा कि -
श्री मोदी ने कहा कि यह सत्र लोकतंत्र के लिए गरिमापूर्ण ऐतिहासिक अवसर है । विपक्ष की आलोचना करते हुए श्री मोदी ने कहा कि जनता द्वार अस्वीकृत चुनिंदा लोग अव्यवस्था पैदा करके संसद पर नियंत्रण करने की कोशिश कर रहे हैं।

****

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मीडिया के कुछ वर्गों में लगाये गये इन आरोपों का खंडन किया है कि संविधान खतरे में है, उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को संकीर्ण राजनीतिक दृष्टिकोण से नहीं देखा जाना चाहिए। संविधान दिवस से पूर्व आकाशवाणी समाचार के साथ एक विशेष साक्षात्कार में श्री बिरला ने कहा -

आरक्षण के मुद्दे पर एक प्रश्न का उत्तर देते हुए श्री बिरला ने कहा कि राजनीतिक दल इस बारे में आरोप और प्रत्यारोप लगा सकते हैं लेकिन किसी सरकार ने आरक्षण कोटे को बदलने की कोई कोशिश नहीं की है।

****

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने पंचकूला के गोल्फ कोर्स क्लब में जी.एम.आई गोल्फ चैम्पियनशिप के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।इस चैंपियनशिप में उद्योग, नौकरशाही, थिंक टैंक की प्रमुख हस्तियों सहित 110

खिलाड़ियोंें ने भाग लिया। राज्यपाल ने कहा कि पंचकूला गोल्फ कोर्स की गौरवशाली विरासत को अद्‌वितीय गोल्फ प्रदर्शन के रूप में याद किया जाएगा और इन खेलों से आपसी मेलजोल के साथ गोल्फ खेलों को बढ़ावा मिलेगा।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल जींद के डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ‘मन की बात’ कार्यक्रम सुना। इस कार्यक्रम को समाज के लिए प्रेरणादायक बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मंच के जरिए प्रधानमंत्री विभिन्न सामाजिक मुद्‌दों पर जागरूकता फैलाने के साथ समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले लोगों को सामने लाते हैं। इसके उपरांत, मुख्यमंत्री ने स्कूल परिसर में पौधारोपण भी किया।

****

हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और विकास का समर्थन किया है। कल सिरसा में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी ने किसान, मजदूर, जरूरतमंद, हर वर्ग का ख्याल रखा है। हरियाणा में‘आरक्षण में वर्गीकरण’ के ऐतिहासिक फैसलें बाद अनुसूचित जाति के वंचित वर्ग में खुशी की लहर है।उन्होंने कहा कि प्रदेश में पारदर्शिता के आधार पर काम किये जा रहे हैं।

****

हरियाणा के युवा सशक्तिकरण एवं उद्‌यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कल पलवल सहकारी चीनी मिल के 41वें गन्ना पिराई सत्र 2024-25 का शुभारंभ किया।इस मौके पर चीनी मिल में सबसे पहले ट्रैक्टर ट्राली लेकर गन्ना लाने वाले

दीघोट के किसान वीरेंद्र और हसनपुर के किसान तोतीराम को सम्मानित भी किया गया।

****

55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में कल क्रिएटिव माइंड्स ऑफ टुमॉरो के परिणाम घोषित किए गए।टीम ग्रीन की फिल्म गुल्लू ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता। इसके लिए टीम ग्रीन को 5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। इसी फिल्म के पुष्पेंद्र कुमार ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता। लवफ्लिक्स सब्सक्रिप्शन फिल्म के लिए विशाखा नाइक को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। आकाशवाणी से बातचीत में पुष्पेंद्र ने क्रिएटिव माइंड्स ऑफ टुमॉरो को एक अभूतपूर्व अनुभव बताया। उन्होंने युवा फिल्म निर्माताओं को लघु फिल्मों को समय पर पूरा करने में सहयोग के लिए अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आभार व्यक्त किया। आज विभिन्न भाषाओं और विषयों की 75 फिल्मों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

****

बच्चो में सड़क सुरक्षा की संस्कृति पैदा करने के उद्देश्य से हरियाणा के सभी स्कूलों और कॉलेजों में अखिल हरियाणा सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 44 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने रिकॉर्ड भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सड़क सुरक्षा का संदेश दिया।पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने कहा कि सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने में विद्यार्थी सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता के साथ साथ सड़क अभियांत्रिकी में सुधार करते हुए संबंधित विभाग की जवाबदेही सुनिश्चित की गई। इतना ही नहीं , दुर्घटना के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को तत्काल स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने की पहल भी की गई ।